आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 22.05.2026
समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उच्च स्तरीय बैठक में वनाग्नि नियंत्रण, पेयजल व्यवस्था, स्वास्थ्य सेवाओं और मॉनसून तैयारियों की समीक्षा की। अधिकारियों को समयबद्ध और प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।
- राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने लोक भवन गोल्फ कोर्स, नैनीताल में 21वें "गवर्नर्स कप गोल्फ टूर्नामेंट" का शुभारंभ किया।
- स्वास्थ्य मंत्री सुबोध उनियाल ने देहरादून के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, रायपुर का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की जमीनी हकीकत का जायजा लिया।
- चमोली जिले में गोविन्द घाट से पंज प्यारों की अगुवाई में हेमकुंड साहिब के लिए पहला जत्था रवाना हुआ। कल खुलेंगे कपाट।

## मुख्यमंत्री समीक्षा

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज मुख्यमंत्री आवास में उच्च स्तरीय बैठक में वनाग्नि नियंत्रण, पेयजल व्यवस्था, स्वास्थ्य सेवाओं और मॉनसून तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि वन संपदाओं को नुकसान पहुंचाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए तथा वनाग्नि की घटनाओं पर नियंत्रण के लिए रिस्पॉन्स टाइम न्यूनतम रखा जाए। मुख्यमंत्री ने वनाग्नि की सूचना मिलने के एक घंटे के भीतर संबंधित अधिकारी को मौके पर पहुंचने के निर्देश दिए। उन्होंने वनाग्नि पर प्रभावी नियंत्रण के लिए शीतलखेत मॉडल को प्रदेशभर में लागू करने पर जोर दिया। श्री धामी ने फायर लाइन के आसपास छोटी–छोटी तलैया बनाने, वनाग्नि रोकथाम के लिए ठोस एक्शन प्लान तैयार करने तथा आग बुझाने वाले कार्मिकों को पर्याप्त उपकरण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने फॉरेस्ट गार्ड की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए एक हजार नई नियुक्तियां करने के भी निर्देश दिए। साथ ही ग्राम समितियों और वन पंचायतों को वनाग्नि रोकथाम के लिए नियमानुसार आवश्यक बजट उपलब्ध कराने की बात कही। उन्होंने मानव–वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं को देखते हुए वन विभाग के प्रत्येक डिवीजन में पशु चिकित्सकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री ने पेयजल, स्वास्थ्य और मॉनसून तैयारियों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को समयबद्ध और प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया।

## गवर्नर्स कप

लोक भवन गोल्फ कोर्स, नैनीताल में आज से 21वां "गवर्नर्स कप गोल्फ टूर्नामेंट" शुरू हो गया। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने टी–ऑफ कर प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया। तीन दिनों तक चलने वाले इस प्रतियोगिता में विभिन्न श्रेणियों के 179 गोल्फर भाग ले रहे हैं। इस वर्ष की प्रतियोगिता प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मेजर जनरल भुवन चंद्र खंडूड़ी की स्मृति को समर्पित किया गया है। शुभारंभ अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि गोल्फ धैर्य, अनुशासन और मानसिक संतुलन विकसित करने वाला खेल है तथा प्रधानमंत्री के 'फिट इंडिया' और 'खेलो इंडिया' अभियान को आगे बढ़ाते हुए युवाओं को नई दिशा दे रहा है।

## नियुक्ति पत्र

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज देहरादून में सिंचाई और कृषि विभाग के अन्तर्गत विभिन्न पदों पर चयनित 483 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा आज युवाओं को मिलने जा रहे नियुक्ति पत्र इस बात का प्रमाण है कि राज्य सरकार उनके सपनों को पूरा कर रही है। उन्होंने कहा यह नियुक्ति पत्र वितरण प्रतिभाशाली युवाओं की मेहनत, लगन और संकल्प का सम्मान है। मुख्यमंत्री ने कहा राज्य सरकार ने देश का सबसे सख्त नकल विरोधी कानून लागू किया, जिसके परिणाम सामने आ रहें हैं। उन्होंने कहा कि आज नौकरी में चयन, मेहनत और प्रतिभा से हो रहा है और यह नई कार्य संस्कृति उत्तराखंड की सबसे बड़ी ताकत बन रही है।

## आर्थिक सहायता चैक

कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने आज देहरादून में ग्रामोत्थान–रीप परियोजना के तहत आपदा प्रभावित ग्राम पंचायतों की महिला समूह के उद्यम परिवारों को लगभग 14 लाख रुपये के आर्थिक सहायता के चैक वितरित किए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार आपदा प्रभावित परिवारों के साथ पूरी संवेदनशीलता के साथ खड़ी है और प्रभावित क्षेत्रों में लोगों की आजीविका को पुनः सशक्त बनाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि ग्रामोत्थान–रीप परियोजना के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार और आजीविका को बढ़ावा देने के साथ ही आपदा से प्रभावित परिवारों को आर्थिक संबल प्रदान किया जा रहा है।

## स्वास्थ्य मंत्री निरीक्षण

स्वास्थ्य मंत्री सुबोध उनियाल ने आज देहरादून के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, रायपुर का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की जमीनी हकीकत परखी। उन्होंने मरीजों को दी जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं का भी गहन निरीक्षण किया। इस दौरान अस्पताल में सभी चिकित्सक उपस्थित मिले। स्वास्थ्य मंत्री ने पर्चा काउंटर, ओपीडी, दवा वितरण केंद्र, वार्ड, इमरजेंसी वार्ड और साफ–सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि चिकित्सकों को अपने कर्तव्यों का पूरी जिम्मेदारी और संवेदनशीलता के साथ निर्वहन करना चाहिए, ताकि मरीजों को बेहतर उपचार और समय पर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें। श्री उनियाल ने स्पष्ट निर्देश दिए कि अस्पतालों में ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए कि मरीजों को दवाइयां बाहर से खरीदने की आवश्यकता न पड़े। उन्होंने अस्पताल परिसर में स्वच्छता व्यवस्था को उच्च स्तर पर बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। स्वास्थ्य मंत्री ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की निर्माणाधीन नई बिल्डिंग का अवलोकन भी किया। उन्होंने कहा कि नए भवन के निर्माण से क्षेत्रवासियों को आधुनिक और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

## हेमकुंड जत्था

चमोली जिले में स्थित हेमकुण्ड साहिब की यात्रा के लिए आज पंज–प्यारों की अगुवाई में पावन निशान साहिब की अगाध श्रद्धा और बैण्ड–बाजों की मधुर धुनों के बीच सिक्ख श्रद्धालुओं का पहला जत्था गुरुद्वारा गोविन्दघाट से हेमकुंड साहिब के लिए रवाना हुआ। गोविंद घाट गुरुद्वारा कमेटी के प्रबंधक सेवा सिंह ने कहा कि यह जत्था आज रात घांघरिया स्थित गुरुद्वारे में विश्राम करेगा। इसके बाद कल हेमकुंड साहिब के कपाट श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए जाएंगे।

उधर, हेमकुंड साहिब यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालु, यात्रा को लेकर बेहद उत्साहित दिखाई दिए।

**वनाग्नि / गिरफ्तार**

रुद्रप्रयाग जिले में वनाग्नि की घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण और वन संपदा की सुरक्षा के लिए वन विभाग द्वारा आधुनिक तकनीक का व्यापक उपयोग किया जा रहा है। इसी क्रम में जखोली रेंज के वन क्षेत्र में आग लगाने वाले एक व्यक्ति को ड्रोन निगरानी के माध्यम से चिन्हित कर गिरफ्तार किया गया है। विभाग ने आरोपित के विरुद्ध भारतीय वन अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है। प्रभागीय वनाधिकारी रजत सुमन ने बताया कि विभाग का प्राथमिक उद्देश्य आमजन के सहयोग से वनाग्नि की घटनाओं को रोकना और लोगों को जागरूक करना है। उन्होंने बताया कि इस फायर सीजन में अब तक 13 मामलों में गिरफ्तारियां की जा चुकी हैं। उन्होंने कहा कि जंगल में आग लगाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।